जनसुनवाई में कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण

आज समाचार सेवा

हल्द्वानी। आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने शनिवार को कैम्प कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की, जिसमें भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण, सड़क और ब्याज की धनराशि से संबंधी शिकायतें आईं। इनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया। आयुक्त दीपक रावत ने नशा मुक्ति केन्द्रों के संबंध में चिंता जताते हुए कहा कि मानसिक रूप से बीमार लोगों को नशा मुक्ति केन्द्रों में उपचार के लिए रखना उचित नहीं है। उन्होंने नशा मुक्ति केन्द्र के संचालकों को निर्देश दिया कि ऐसे लोगों का मनोचिकित्सक से उपचार कराना चाहिए और यदि कोई मानसिक रोगी नशा मुक्ति केन्द्र में पाया गया, तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई में फइनेंस कंपनियों से संबंधित कई शिकायतें आईं। कई लोगों ने बताया कि फइनेंस कंपनियां एकमुश्त धनराशि लोन देती हैं, लेकिन जब वे समय पर किस्त जमा नहीं कर पाते, तो फइनेंस कंपनियां और प्रापर्टी दलाल उनकी संपत्ति कम कीमत पर नीलाम कर देते हैं। आयुक्त ने कहा कि नीलामी से पहले संबंधित व्यक्ति को छः महीने का नोटिस दिया जाना चाहिए, ताकि वे अपनी किस्त समय पर जमा कर सकें। उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी लोन के लिए आवेदन करने से पहले फइनेंस कंपनियों की जांच अवश्य करें, ताकि भविष्य में परेशानियों से बचा जा सके। आयुक्त ने कहा कि कई लोग छोटी-छोटी समस्याओं के लिए जनसुनवाई में आते हैं, जो उचित नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पहले अपने क्षेत्र के उपजिलाधिकारी, तहसील और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराएं, और यदि समाधान न हो, तो जनसुनवाई में अपनी समस्या प्रस्तुत करें। जनसुनवाई में कुछ महत्वपूर्ण शिकायतें भी आईं। जानकी देवी निवासी धानाचूली बैंड ने बताया कि उनके जेठ द्वारा उनके भवन की छत मरम्मत नहीं करने दी जा रही है। आयुक्त ने उपजिलाधिकारी को शीघ्र छत मरम्मत कराने के निर्देश दिए। हरीश चंद्र निवासी जज फार्म ने बताया कि उनकी निजी भूमि पर अतिक्रमण हो गया है। आयुक्त ने सिंचाई और राजस्व विभाग के अधिकारियों को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। भावना देवी निवासी चोरगलिया ने बताया कि उनके पति, जो वन विभाग में फॉरेस्टर के पद पर तैनात थे, की मृत्यु खटीमा रेंज में हुई थी, लेकिन कोतवाली खटीमा द्वारा उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है। आयुक्त ने इस मामले में एसएसपी क्राइम ब्रांच उधमसिंह नगर को दूरभाष पर जांच कर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

विवाह समारोह संघर्ष समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

हल्द्वानी। विवाह समारोह संघर्ष समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मंथन किया गया। इसमें अहम निर्णय भी लिए गए। यहां एक होटल में समिति के मुख्य संयोजक नवीन पांडे सत्तू की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शादी-विवाह समारोहों में बैंड को रात 10 बजे के बाद नहीं बजाया जाएगा। इसके लिए समिति सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर डीजे की तरह बैंड पर भी रात 10 बजे के बाद प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करेगी। समिति के सह संयोजक रूपेंद्र नागर ने बताया कि इस निर्णय का उद्देश्य विवाह समारोह को समय पर सम्पन्न करने और बारात के कारण होने वाले जाम से मुक्ति दिलाना है। इससे कैटर्स को रात 12 बजे के बाद भोजन व्यवस्था बंद करने में भी मदद मिलेगी। इस दौरान टेंट, बैंकर, लाइट, डीजे, कारीगर और फोटोग्राफ के स्वामियों की समस्याओं पर भी चर्चा की। बैठक में विमल तोलिया, लक्ष्मण सिंह बिस्ट, गोपाल भट्ट, रवप्रीत अरोरा, संजू विनायक, सुबोध अग्रवाल, कलम राजपाल, प्रभु पांडे, विनोद कश्यप, शंकर कश्यप, सोनू कश्यप, नरेंद्र शराफ्त, परमजीत सिंह, रविंद्र बाली, नंदू कर्नाटक और गोपाल गुरानी शामिल थे।

हाईकोर्ट ने किया चर्चित मुकेश बोरा के अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज

महिला के साथ दुराचार करने व नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी लालकुआं दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा की अग्रिम जमानत दिये जाने वाले प्रार्थना पत्र पर हुई सुनवाई

आज समाचार सेवा

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक महिला के साथ दुराचार करने व नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी लालकुआं दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा की अग्रिम जमानत दिये जाने प्रार्थना पत्र पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ ने उनकी अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। बता दें कि इससे पहले भी कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक सम्बन्धी प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। सुनवाई पर आरोपी की तरफ से कहा गया कि उनको अग्रिम जमानत दी जाए क्योंकि इस मामले में उनको एक षडयंत्र के तहत फंसाया गया है। यह घटना 2021 की है। दो साल आठ माह बीत जाने के अब उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। एफ आईआर में कहीं भी छेड़छाड़ का आरोप नहीं है,केवल बयान में छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया है इसलिए उनके उपर पोक्सो नहीं लग सकता। पुलिस ने उनके दोनों घरों का सामान लाकर थाने में जमा कर दिया। महिला उन पर बार- बार दवाब डाल रही थी कि उसे नियमित किया जाय जबकि वह संघ की कर्मचारी न होकर मैन पावर सप्लाई करने वाली कम्पनी की कर्मचारी थी। जब उनके द्वारा इस कम्पनी का टेंडर निरस्त किया तो इन्होंने मिलकर इस षड्यंत्र के तहत उन्हें फंसाया गया जबकि सरकार व पीडिता की तरफ से इसका विरोध कर कहा कि कुर्की हो चुकी है और अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र सुनने योग्य नहीं है। पीडिता की तरफ से यह भी कहा गया कि आरोपी ने 2021 से लेकर अब तक उसका शोषण किया है और बार- बार जाने से मारने की धमकी दी जा रही। इसके सारे सबूत उनके पास है, अभी तक बोरा ने अपना मोबाइल तक पुलिस को नहीं दिखाया।

बार बार पुलिस को चकमा दे रहे हैं, अपनी गिरफ्तारी से बचने से फरार चल रहे हैं। निचली अदालत में बयान देते हुए नाबालिक ने कहा है कि उसके साथ छेड़छाड़ की है इसलिए इनके ऊपर पोक्सो की धारा लगती है इसलिए इनकी अग्रिम जमानत प्रार्थनपत्र को निरस्त किया जाय। पूर्व में कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि ऐसे जघन्य अपराधों के आरोपी को अंतरिम राहत देने से विवेचना में बाधा पहुंच सकती है और वह सबूत से छेड़छाड़ कर सकता है।

एमबीपीजी महाविद्यालय पुरातन छात्र समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

आज समाचार सेवा

हल्द्वानी। एमबीपीजी महाविद्यालय की पुरातन छात्र समिति के तत्वाधान में महाविद्यालय के इग्नू परिसर में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. नरेन्द्र सिंह बनकोटी तथा 78 यूके बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल कुंदन शर्मा ने किया। शिविर में बाल किशन देवकी जोशी चैरिटेबिल संस्था की ओर से रक्तदान की व्यवस्था की गयी। शिविर में 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 150 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। पुरातन छात्र समिति की मंत्री डा. तनुजा मेलकानी ने कहा कि समन्वय संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज में रचनात्मक कार्यों को बढ़ावा देना है। शिविर में चिकित्सक के रूप में डा. महेश जोशी, डा. अजय कुमार, डा. सिद्धार्थ, डा. हर्षित भाकुनी, डा. जयमाला, डा. अजय पाण्डेय, डा. एसएस दुग्ताल उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष दीपक सनवाल ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के सृजनात्मक कार्यक्रम नियमित रूप से किए जाएंगे। समिति के उपाध्यक्ष डा. कमू जोशी ने कहा कि शीघ्र ही पुस्तक संकलन शिविर आयोजित किया जाएगा जिसके माध्यम से निर्धन छात्रों की सहायता की जाएगी। कार्यक्रम में उपसचिव जगमोहन परगाई, कोषाध्यक्ष गणेश जोशी, राकेश जैन, चन्द्रप्रकाश तिवारी, हितेंद्र उप्रेती, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष वीरेन्द्र बिष्ट, मोहित कांडपाल, हिमांशु चौरसिया, गौरव सनवाल, बीएड विभागाध्यक्ष डा. अनीता जोशी, इग्नू समन्वयक डा. कमरुद्दीन, प्रो. ऊषा पंत जोशी, प्रो. संजय खत्री, डा. माया जोशी आदि थे।

वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

आज समाचार सेवा

हल्द्वानी। इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं छात्रा संघ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत, सरस्वती वंदना और बैज अलंकरण के साथ हुई। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. ए. के. श्रीवास्तव ने 2023-24 की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। जिसमें छात्राओं के विकास के लिए किए गए शैक्षिक और रचनात्मक प्रयासों का विवरण दिया गया। छात्रा संघ अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि के समक्ष विभिन्न मांगों का वाचन किया। जिसमें महाविद्यालय में बहुमंजिला भवन निर्माण, पुस्तकालय और हाईटेक शौचालय की स्थापना, और स्नातकोत्तर विभागों में अतिरिक्त पदों की मांग शामिल थी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने गणेश और नवदुर्गा स्तुति, कुमाऊंनी, गढ़वाली, हरियाणवी, गुजराती और पंजाबी नृत्य प्रस्तुत किए, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गए। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को स्वास्थ्य और लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी। उन्होंने नशे से दूर रहने और उत्तराखंड में नशा-मुक्त अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। प्रो. आर. एस. भाकुनी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभी गणमान्य अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। छात्रा-संघ सचिव निकिता जोशी ने छात्रा संघ 2023-24 की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की, जिसमें छात्राओं के हित में किए गए प्रयासों का उल्लेख किया गया। इस अवसर पर शैक्षिक और शिक्षणेत्तर गतिविधियों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक प्रो. आर. एस. भाकुनी और संचालन डॉ. श्वेता बिश्नोई ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, विधायक सुमित हृदयेश, निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला और आरएसएस प्रांत संघचालक डॉ. बहादुर सिंह बिष्ट शामिल रहे।

काला दिवस कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान

आज समाचार सेवा

हल्द्वानी। ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफट्रेड यूनियंस (ऐक्टू) समेत दस राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त आह्वान पर मजदूर विरोधी चार लेबर कोड के खिलाफ 23 सितंबर को राष्ट्रीय काला दिवस पर ऐक्टू से जुड़ी ट्रेड यूनियनों और भाकपा माले द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए बुद्ध पार्क हल्द्वानी में काला दिवस मनाया जायेगा। भाकपा (माले) के नैनीताल जिला सचिव डॉ कैलाश पाण्डेय ने बताया कि मोदी सरकार द्वारा पारित चार लेबर कोड से लंबे संघर्ष से हासिल मजदूरों के अधिकार खत्म हो जाएंगे। यह मजदूरों को एक नई गुलामी की ओर धकेलने की कोशिश है। इन चार लेबर कोड के माध्यम से मोदी सरकार मजदूरों के संघर्ष के बल पर हासिल श्रम कानूनों को खत्म करने पर आमादा है, माले जिला सचिव ने 23 सितम्बर को काला दिवस कार्यक्रम में शामिल होने आह्वान किया।

सुमित ने लगाया हल्द्वानी क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप

आज समाचार सेवा

हल्द्वानी। कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने जन समाधान दिवस पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में यह कार्यक्रम प्रभावी नहीं हो रहा है। विधायक ने शिकायत की कि न तो उन्हें सही समय पर जानकारी दी जा रही है, और न ही फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है। विधायक सुमित हृदयेश ने जिलाधिकारी पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह भाजपा के पदाधिकारियों और पूर्व मेयर के साथ बैठकर कार्यक्रम का संचालन कर रही हैं। जिलाधिकारी नेताओं की बात नहीं सुन रही हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने प्रशासन पर हल्द्वानी क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। हृदयेश ने यह भी बताया कि उन्होंने खनन न्यास निधि से जुड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों के प्रस्ताव जिलाधिकारी को भेजे हैं, लेकिन उन्हें अब तक मंजूरी नहीं मिली। विदित हो कि हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश ने हाल ही में पूर्व शासन-प्रशासन पर क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा था कि हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र, जिसे वह अपनी पहचान और विकास का प्रतीक मानते हैं, आज गंभीर संकट का सामना कर रहा है। जिला प्रशासन का भेदभावपूर्ण रवैया स्थानीय लोगों में गहरी निराशा पैदा कर रहा है। पत्र में उन्होंने हल्द्वानी के लिए प्रस्तावित की गई कई महत्वाकांक्षी योजनाओं सड़कों का निर्माण, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार आदि का भी जिक्र किया था। आरोप लगाया था कि यह सभी योजनाएं क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक थीं, लेकिन प्रशासन की निष्क्रियता के कारण इन योजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। नतीजतन, क्षेत्र की जनता बुनियादी सुविधाओं से वंचित हो रही है।

कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे है भट्ट

आज समाचार सेवा

हल्द्वानी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने शनिवार को हल्द्वानी एवं कालाढूंगी विधानसभा के हल्द्वानी बिठोरिया मंडल में सदस्यता अभियान की बैठकें आयोजित कीं। भट्ट उत्तराखंड राज्य की प्रत्येक विधानसभा में बैठकें कर कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य कर रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकें। महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है जो अपने प्रत्येक संगठन के चुनाव से पूर्व आम जनता के बीच जाकर सदस्यता अभियान चलाती है और अपनी पार्टी के प्रति निष्ठा व्यक्त करने का अवसर देती है। भट्ट ने कहा कि इस बार का सदस्यता अभियान भाजपा सरकार के कुशल कार्यकाल का परिणाम साबित होगा। उन्होंने सभी 70 विधानसभाओं में जाकर सदस्यता अभियान को गति देने का संकल्प लिया है। हल्द्वानी विधानसभा की बैठक में भट्ट ने बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की और अधिक से अधिक आम जनता को पार्टी की सदस्यता दिलाने का आह्वान किया। कालाढूंगी विधानसभा की बैठक में, हरिपुर नायक स्थित निजी बैंक्वेट हॉल में, उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों के बारे में आम जनता को जागरूक करने और उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। भट्ट ने यह भी कहा कि भाजपा इस वर्ष अपने विगत वर्षों के सदस्यता रिकॉर्ड को तोड़कर नया कीर्तिमान स्थापित करेगी। इस दौरान मौजूद प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने आश्वस्त किया कि जिला नैनीताल सर्वाधिक सदस्यता करवाने वाला जिला साबित होगा। बैठकों में जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडल अध्यक्ष प्रताप रैकवाल, सुरेश गौड़, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, जिला सह प्रभारी विवेक सक्सेना, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, और अन्य मंडल, जिला एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चोरों ने बैलपड़ाव अंग्रेजी शराब की दुकान मैं किया हाथ साफ

आज समाचार सेवा

कालाढूंगी। एक माह में दो बार चोरों ने शराब दुकान पर किए हाथ साफ। शुक्रवार की रात्रि में चोरों ने बैलपड़ाव में स्थित अंग्रेजी व देशी शराब की दुकान में चोरों ने हजारों रुपए व शराब चोरी कर दी। जिसकी सूचना के अंग्रेजी दुकान संचालक गौरव बिष्ट ने कालाढूंगी थाने में लिखित तहरीर देकर करवाई की मांग करते हुए अवगत कराया की शुक्रवार की देर रात्रि में अंग्रेजी दुकान के पीछे की दीवार में लगी लोहे की जाली को तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने गल्ले में रखी तीस हजार नौ सौ रुपए नगदी वही देशी शराब की दुकान से पच्चीस सौ रुपए व दोनों दुकान से महंगी शराब की चोरी करते हुए साथ ही डीवीआर,भी ले गए वही उन्होंने बताया इसी माह 2 तारिक को भी चोरों ने दुकान से नगदी व शराब चोरी की थी। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत क्रॉस कंट्री दौड़

आज समाचार सेवा

हल्द्वानी। खेल निदेशालय उत्तराखंड के सहयोग से जिला खेल कार्यालय और प्रशासन के समन्वय से स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शनिवार को जिला खेल कार्यालय में स्वच्छता विषयक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके तहत स्वच्छता शपथ और जागरुकता के लिए ओपन पुरुष और महिला वर्ग की क्रॉस कंट्री दौड़ हुई। दौड़ का शुभारंभ उपनिदेशक खेल रसिका सिद्दीकी और जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया। ओपन पुरुष वर्ग की दौड़ स्टेडियम से हैंडिल गेट तक और महिला वर्ग की दौड़ स्टेडियम से तिकोनिया चौराहे से होकर वापस स्टेडियम में संपन्न हुई। इस दौड़ में पुरुष वर्ग में बेस्ट छह विजेताओं में अभिषेक वर्मा, जतिन, भूपेंद्र कुमार, रोहन, विनय और प्रांजल शामिल थे। जबकि महिला वर्ग में दीपा नेगी, निशा दिवाकर, पलक पाल, नेहा, भूमिका वर्मा और हेमा ने पुरस्कार जीते। इन विजेताओं को उप निदेशक खेल देहरादून और जिला क्रीड़ा अधिकारी ने संयुक्त रूप से ट्रैकसूट और पुरस्कारों से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि रसिका सिद्दीकी ने स्वच्छता पखवाड़े के दौरान अपने संबोधन में कहा कि हमें मां के नाम पर एक पेड़ लगाना चाहिए और शौचालयों तथा भवनों के आसपास कागज, प्लास्टिक, और कचरे की सफाई करनी चाहिए। उन्होंने स्वच्छता के स्लोगन बैनर भी लगाए और संदेश दिया कि आओ मिलकर बदलाव करें, देश का कोना-कोना साफकरें। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने भी स्वच्छता अभियान के तहत संदेश दिया कि गांधी जी के सपनों का भारत हमें बनाना है, पूरा भारत स्वच्छ रहे, यही हमारा नारा है। इस दौरान स्टेडियम के प्रशिक्षक किशोर पाल, त्रिलोक जीना, विनय जोशी, श्याम भट्ट, गोविंद लटवाल, महेश बिष्ट ,मनीष वर्मा ,गोपाल नेगी, जगदीश रावत , निशांत मेहता, अंकुश रौतेला, सुरेन्द्र रौतेला , शिवांगी शाह, बिमला रावत, रितिका जोशी, तनुजा आर्य, पूनम सिरोला ,किरण मौर्य, संजय गैड़ा, हिंमाशु, उमेश रावत, मीना पोखरिया ,पूनम मेहता, कैलाश जोशी आदि के सहयोग से उक्त दौड़ सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

अवैध शराब तस्कर गिरफ्तार

कालाढूंगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल, द्वारा जनपद नैनीताल स्तर पर लगातार चलाए जा रहे नशे के विरुद्ध अभियान के तहत भगवान सिंह महर थानाध्यक्ष- कालाढूंगी के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था, कानून व्यवस्था एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम करते हुऐ दौराने चौकिंग दिल्लीफार्म रोड कालाढूंगी के पास से अभियुक्त राकेश लाल उर्फबब्लू पुत्र राधेलाल निवासी रतनपुर चकलुवा थाना कालाढूंगी जनपद नैनीताल को 51 पाउच अवैध अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्त के विरूद्ध थाना कालाढूंगी में धा.छ. 99/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा ।

सेवा पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान



कालाढूंगी। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत कालाढूंगी वार्ड 4 में सफाई अभियान चलाया गया। शनिवार को नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा निवर्तमान सभासद नसीम जहा,भाजपा नेता मेहमूद हसन बंजारा के नेतृत्व में वार्ड 4 के मजार मार्ग, जंगल के किनारे विशेष सफाई अभियान चलाया गया वहीं नगर पंचायत अधिशाशी अधिकारी ने बताया की 17 सितंबर से ये अभियान चलाया जा रहा है जो 2 अक्तूबर तक जारी रहेगा। वही इस भाजपा नेता मेहमूद हसन बंजारा ने लोगो से साफ सफाई रखने को कहा। इस दौरान शाकिर हुसैन सहित तरु गौरव, सचिन कुमार,मंजू देवी, सुमन देवी, सचिन भारती, गौरव कुमार, जीवन बाल्मिकी आदि लोग मौजूद थे।

प्रियांशु, हर्षित, तरुण, चयनिका, राफिया व प्रियांशी राज्य स्तर हेतु चयनित

☐भारत विकास परिषद की भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता

☐अक्टूबर में रुद्रपुर में होगी राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता

आज समाचार सेवा

नैनीताल। भारत विकास परिषद की नैनीताल शाखा के तत्वावधान में भारत को जानों क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा के बाद विजयी प्रतिभागियों को एक समारोह में पुरुस्कृत किया गया। परिषद के अध्यक्ष दिनेश चंद्र खेतवाल के मुताबिक प्रतियोगिता में नैनीताल शहर के 11 स्कूलों के 1232 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लिखित परीक्षा के बाद 95 बच्चे क्विज प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। चयनित 95 बच्चों के मध्य शनिवार को नगर के गोवर्धन हाल में क्विज प्रतियोगिता हुई। खेतवाल के मुताबिक जूनियर वर्ग में भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के प्रियांशु पोखरिया, हर्षित अधिकारी,तरुण नैनवाल जबकि सीनियर वर्ग में मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर की छात्राएं चयनिका दुम्का,राफिया रफत,प्रियांशी बिष्ट विजयी रहीं। इस मौके पर समाजसेवी अमिता साह ने अपने दिवंगत पति स्वर्गीय चंद्र शेखर साह की स्मृति में विजयी प्रतिभागियों को पुरुस्कार देकर पुरुस्कृत किया वही समाजसेवी डा.सरस्वती खेतवाल ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भेंट किए। खेतवाल के मुताबिक दोनों वर्गों के 6 विजयी प्रतिभागी छात्र-छात्राएं अक्टूबर माह में रुद्रपुर में होने वाली राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर परिषद की ओर से मनोज तिवारी,मीनू बुदलाकोटी, परिषद के सचिव एन.के.पपने,स्वाति वर्मा,ममता रावत,साक्षी आर्या समेत डा.नीलम जोशी,पूनम परगाई,उर्मिला तिवारी,लता बिष्ट,बसंती रौतेला,पुष्पा त्रिपाठी,हरीश सिंह बिष्ट,रामेश्वरी पुरोहित आदि मौजूद रहे। अंत में परिषद के अध्यक्ष दिनेश चंद्र खेतवाल व सचिव एन.के.पपने ने सभी का आभार जताया।

ICICI Home Finance
(देखें-नियम-8 (6) के प्राविधान)
अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना
(URL Link-eauction.samil.in)
09 अक्टूबर,2024
9920807300
https://www.icicihfc.com
अधिकृत अधिकारी
दिनांक: 22 सितम्बर 2024
स्थान: देहरादून, हरिद्वार
आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड
CIN Number:-U65922MH1999PLC120106

स्वामी ज्ञानमंडल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला द्वारा 85,जगन्नाथ मार्केट कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी से प्रकाशित एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13,रोड नं.3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित।
वाराणसी-संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर**-बैंक रोड, **प्रयागराज**-5 लीडर रोड, **कानपुर**-कोपरगंज, **झांसी**-ब्रोकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**- महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादक:
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी

वर्ष-13 पूर्ण संख्या- 4712

दूरभाष
हल्द्वानी- 05946-254822

aajhaldwani@gmail.com

आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-आज-यू.टी.टी.एच.आई.एन.-2010/35949

पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।